**आवेदन प्रस्तुत करना**: पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले इच्छुक उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे भारतीय गुणवत्ता परिषद् की वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक **https://qcin.org/careers** पर ऑनलाइन आवेदन करें। **ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख 23.01.2026 को शाम 05:30 बजे तक है।**

**सामान्य नियम एवं शर्तें:**

सभी आवेदकों से अनुरोध है कि वे ऑनलाइन आवेदन भरने से पहले पद का विवरण और नीचे दिए गए नियम एवं शर्तें ध्यान से पढ़ लें:

1. केवल उचित रूप से प्रस्तुत ऑनलाइन आवेदनों पर ही विचार किया जाएगा अर्थात आवेदक को अपने रजिस्टर्ड ईमेल पर एक पुष्टि संदेश प्राप्त होना चाहिए **(कृपया ध्यान दें कि सबमिट बटन पर क्लिक करने के बाद आवेदन के सफलतापूर्वक जमा होने का संदेश, आवेदन के जमा होने की पुष्टि के लिए स्क्रीन पर आना चाहिए)।**
2. आवेदकों को अंतिम रूप से जमा ऑनलाइन आवेदन फॉर्म का प्रिंट आउट लेना होगा और उसे भावी संदर्भ के लिए अपने पास रखना होगा।
3. ऐसे अधूरे आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा जिनमें आवेदक को, आवेदन प्राप्त किए जाने की अंतिम तारीख और समय के अंदर आवेदन जमा कर दिए जाने की कोई पुष्टि नहीं मिलती।
4. एक बार आवेदन के अंतिम रूप से सबमिट हो जाने के बाद, उम्मीदवार कोई ऑनलाइन परिवर्तन नहीं कर पाएंगे तथा आवेदन में किसी परिवर्तन/सुधार/संशोधन के किसी अनुरोध पर किसी भी स्थिति में न तो विचार किया जाएगा और न ही ऐसी अनुमति दी जाएगी।
5. आवेदकों को परामर्श दिया जाता है कि वे ऑनलाइन आवेदन फॉर्म में अपना पूरा विवरण सावधानी से भरें क्योंकि गलत जानकारी देने पर क्यूसीआई द्वारा आवेदन को अस्वीकार किए जाने के अलावा आवेदक को विवर्जित भी किया जा सकता है।
6. यह आवेदकों के अपने हित में होगा कि वे अंतिम तारीख से बहुत पहले ही ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर दें और अंतिम तारीख तक प्रतीक्षा न करें।
7. आवेदन की अंतिम तारीख के पश्चात, सभी अधूरे/प्रस्तुत न किए गए आवेदनों से संबंधित डेटा को सिस्टम से निकाल/हटा दिया जाएगा और इस आशय के किसी अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।
8. डाक/मेल से प्राप्त किसी आवेदन या दस्तावेज पर विचार नहीं किया जाएगा।
9. सभी आवेदकों को, पद के संबंध में विज्ञापन में निर्धारित अनिवार्य अपेक्षाओं और अन्य शर्तों को पूरा करना होगा। आवेदक, आवेदन करने से पहले इस बात से स्वयं संतुष्ट हो लें कि उनके पास विभिन्न पदों के लिए निर्धारित कम से कम अनिवार्य योग्यताएं तो हैं ही। पात्रता के संबंध में किसी सलाह-मशविरा या पूछताछ पर विचार नहीं किया जाएगा।

10. क्यूसीआई को यह अधिकार है कि वह, बिना कोई कारण बताए, विज्ञापित पदों की संख्या बढ़ा/घटा दे अथवा किसी रिक्त पद को न भरे या विज्ञापन को (आंशिक या पूर्ण रूप से) रद्द कर दे।
11. इस विज्ञापन को जारी करने के पश्चात/साक्षात्कार के समय उत्पन्न होने वाली किसी परिणामी रिक्ति को भी उपलब्ध अभ्यर्थियों से भरा जा सकता है।
12. अंतिम आहरित वेतन, आवेदित पद के अनुरूप होना चाहिए (उम्मीदवार को अंतिम वेतन पर्ची अपलोड करनी होगी)।
13. उम्मीदवार, दावाकृत शैक्षिक योग्यता के प्रमाणस्वरूप डिग्री प्रमाणपत्र अपलोड करें। डिग्री प्रमाणपत्र उपलब्ध न होने पर, ऑनलाइन आवेदन के अनुसार अपेक्षित सभी संबंधित दस्तावेजों के साथ-साथ सभी शैक्षिक वर्षों की मार्कशीट सहित अनंतिम प्रमाणपत्र अपलोड किए जाने चाहिए।
14. यदि प्रस्तुत दस्तावेज/प्रमाणपत्र हिंदी या अंग्रेजी से भिन्न किसी अन्य भाषा में हैं, तो उनका लिप्यंतरण प्रस्तुत किया जाना चाहिए।
15. यदि कोई उम्मीदवार विज्ञापन की अपेक्षानुसार किसी विशेष योग्यता का दावा, समकक्ष योग्यता के रूप में कर रहा है, तो अनिवार्य योग्यता में समकक्ष खंड के संबंध में, प्राधिकार (संख्या और तारीख के साथ) का उल्लेख करते हुए, दावाकृत समकक्ष शैक्षिक योग्यता के संबंध में आदेश/पत्र, जिसके तहत इसे समकक्ष माना गया है, भी प्रस्तुत करना होगा।
16. मूल वेतन एवं समेकित वेतन दर्शाते हुए रोजगार की अवधि (तारीख, माह और वर्ष) के स्पष्ट उल्लेख के साथ बताए गए समूचे अनुभव के लिए संगठन (संगठनों)/विभाग (विभागों) के प्रमुखों से अनुभव प्रमाणपत्र प्रस्तुत किया जाए। अनुभव प्रमाणपत्र के स्थान पर कोई वैकल्पिक दस्तावेज स्वीकार नहीं किया जाएगा।
17. आवेदकों को उनके ऑनलाइन आवेदन में दी गई सूचना के आधार पर ही साक्षात्कार के लिए शॉर्टलिस्ट किया जाएगा।
18. ऑनलाइन आवेदन में किए गए दावे के समर्थन में प्रस्तुत दस्तावेजों की जांच तभी की जाएगी जब उम्मीदवार ऑनलाइन आवेदन में दावाकृत योग्यता और अनुभव के संबंध में प्रदत्त जानकारी के आधार पर प्रथम दृष्टया शॉर्टलिस्ट किए जाने का पात्र होगा। उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना है कि दी गई जानकारी सत्य हो।
19. बाद में किसी स्तर पर अथवा साक्षात्कार के समय उम्मीदवार द्वारा दी गई कोई जानकारी या उनके द्वारा ऑनलाइन आवेदन में किया गया कोई दावा यदि गलत पाया जाता है, तो उनकी उम्मीदवारी/चयन/नियुक्ति, जो भी लागू हो, अस्वीकृत की जा सकती है और उन्हें क्यूसीआई द्वारा स्थायी रूप से या एक नियत अवधि के लिए विवर्जित भी किया जा सकता है।
20. आवेदकों के साथ सभी पत्राचार, उनके ऑनलाइन आवेदन फॉर्म में दिए गए रजिस्टर्ड ईमेल पते पर ही किया जाएगा। आवेदकों को चाहिए कि वे ऑनलाइन आवेदन में अपना सही और सक्रिय ई-मेल पता भरें क्योंकि क्यूसीआई द्वारा सभी पत्राचार केवल ईमेल के माध्यम से किया जाएगा।
21. क्यूसीआई द्वारा किसी असंतुष्ट उम्मीदवार के, किसी रूप में पुनर्विचार और अभ्यावेदन के किसी अनुरोध को प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं किया जाएगा।

22. क्यूसीआई, अपनी वेबसाइट के अलावा किसी दूसरी वेबसाइट या ऑनलाइन फोरम पर उपलब्ध किसी मिथ्या/भ्रामक सूचना के लिए जिम्मेदार नहीं होगी।
23. साक्षात्कार हेतु आवेदकों को शॉर्टलिस्ट करने के लिए वैध अनुभव की गणना करते समय, किसी उम्मीदवार द्वारा अंशकालिक आधार पर, स्वतंत्र, विजिटिंग/गेस्ट फैकल्टी के रूप में प्राप्त अनुभव की अवधि की गणना नहीं की जाएगी।
24. पहले से ही रोजगारशुदा व्यक्तियों को चाहिए कि वे, वर्तमान नियोक्ता से एनओसी और मूल विभाग से सतर्कता अनापत्ति (निजी क्षेत्र में काम करने वाले उम्मीदवारों के लिए अनिवार्य नहीं) अपलोड करें। तथापि, यदि आवेदन/साक्षात्कार के समय एनओसी/सतर्कता अनापत्ति उपलब्ध नहीं है, तो इसे साक्षात्कार के बाद 10 दिन के भीतर (चयन हो जाने पर) जमा कर दिया जाना चाहिए और ऐसा न करने पर उसे ऑफर लैटर नहीं दिया जाएगा तथा किसी भी स्थिति में कार्यभार ग्रहण नहीं करने दिया जाएगा।
25. स्क्रीनिंग कमेटी, किसी विशेष पद के लिए प्राप्त आवेदनों की संख्या को देखते हुए पात्र उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट करने के लिए आयु, अनुभव, योग्यता आदि के संबंध में निर्धारित न्यूनतम मानदंड से भिन्न मानदंड अपना सकती है। इसके अतिरिक्त, स्क्रीनिंग कमेटी का निर्णय सभी के लिए बाध्यकारी होगा। शॉर्टलिस्ट/चयन न किए जाने के कारणों के संबंध में किसी पत्राचार/पूछताछ पर विचार नहीं किया जाएगा।
26. हर मायने में उम्मीदवार की पात्रता का निर्धारण इस विज्ञापन की अंतिम तारीख के अनुसार किया जाएगा।
27. अपेक्षित अनुभव की गणना, न्यूनतम योग्यता प्राप्त करने के बाद से की जाएगी।
28. किसी पद के लिए आवेदन करने और केवल पात्रता मानदंड को पूरा करने से साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने का अधिकार प्राप्त नहीं हो जाता है। केवल शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को ही साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। किसी भी अंतरिम पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा। आपको सलाह दी जाती है कि अपडेट के लिए क्यूसीआई वेबसाइट देखते रहें।
29. चयन के संबंध में क्यूसीआई का निर्णय अंतिम होगा और इस संबंध में किसी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा। किसी भी प्रकार से और किसी भी स्रोत से चयन को प्रभावित करने का प्रयास करने पर आवेदक की उम्मीदवारी अयोग्य हो जाएगी।
30. पासवर्ड-संरक्षित, एन्क्रिप्टेड, अनुपयोगी या अन्यथा अपठनीय प्रारूप में अपलोड किए गए दस्तावेजों पर विचार नहीं किया जाएगा। यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी, पूरी तरह से आवेदक की है कि सभी दस्तावेज बिना किसी बंदिश के सुलभ हों। बंदिशों वाले ऐसे दस्तावेजों वाले आवेदन अधूरे माने जाएंगे और बिना कोई अतिरिक्त नोटिस दिए अस्वीकार किए जा सकते हैं।
31. आवेदकों को, अपेक्षित अनुभव प्रमाणपत्र अपलोड करने होंगे जिसमें रोजगार की अवधि (तारीख, माह और वर्ष) और कार्यभार ग्रहण करने की तारीख के साथ पदनाम का स्पष्ट उल्लेख हो। स्क्रीनिंग प्रक्रिया के दौरान ऐसे आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा जिनमें अनिवार्य अनुभव के दस्तावेज न लगे हों या अनुभव का विवरण अधूरा हो। सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किए गए वैध अनुभव प्रमाणपत्र को छोड़कर, किसी अन्य दस्तावेज को अनुभव के प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा।
32. आवेदकों को दावाकृत अनिवार्य योग्यता से संबंधित डिग्री प्रमाणपत्र अपलोड करना होगा। डिग्री प्रमाणपत्र के अभाव में, सभी शैक्षिक वर्षों की मार्कशीट के साथ अनंतिम

प्रमाणपत्र प्रस्तुत किया जाए। अपूर्ण, अपर्याप्त शैक्षिक दस्तावेजों के साथ किए गए आवेदन अधूरे माने जाएंगे और उन पर आगे कार्यवाही नहीं की जाएगी।

33. आवेदन के समय किसी अनिवार्य दस्तावेज (डिग्री प्रमाणपत्र/ अनंतिम प्रमाणपत्र, मार्कशीट या अनुभव प्रमाणपत्र सहित) को अपलोड न करने की स्थिति में आवेदन अपूर्ण माना जाएगा। ऐसे आवेदनों पर शॉर्टलिस्टिंग के लिए विचार नहीं किया जाएगा और पुनर्विचार का कोई अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा।
34. आवेदकों को यह सुनिश्चित करना होगा कि अपलोड किए गए सभी दस्तावेज स्पष्ट, पूर्ण और पठनीय हों। खराब गुणवत्ता, आंशिक रूप से अपलोड किए गए या त्रुटिपूर्ण दस्तावेज प्रस्तुत करने के कारण उत्पन्न किसी असंगति या अपठनीयता के लिए आवेदक जिम्मेदार होगा और इसके कारण आवेदन को अस्वीकार किया जा सकता है।
35. चयन प्रक्रिया में होने वाले किसी विवाद/अस्पष्टता की स्थिति में, क्यूसीआई का निर्णय अंतिम होगा।
36. साक्षात्कार में भाग लेने के लिए किसी टीए/डीए का भुगतान नहीं किया जाएगा।
37. चयन पैनल एक वर्ष के लिए अथवा सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित अवधि के लिए तैयार किया जा सकता है।
38. क्यूसीआई, उम्मीदवारों की पृष्ठभूमि की जांच करेगा और किसी सूचना के छिपाए जाने पर उम्मीदवार की उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है।
39. चयन प्रक्रिया में अनजाने में हुई किसी गलती जिसका, नियुक्ति पत्र जारी हो जाने के बाद भी किसी स्तर पर यदि पता चलता है, तो उस स्थिति में क्यूसीआई को यह अधिकार होगा कि वह, उम्मीदवार के साथ किए गए किसी पत्राचार को संशोधित कर दे/वापस ले ले/रद्द कर दे।
40. यदि आपको कोई पूछताछ करनी है तो कृपया ईमेल आईडी hr@qcin.org पर ईमेल भेजें। फोन पर किसी पूछताछ का उत्तर नहीं दिया जाएगा।
41. **यदि ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने के संबंध में कोई समस्या है अथवा किसी तकनीकी सहायता की आवश्यकता है, तो कृपया qcihr.7t@gmail.com पर ईमेल करें।**
42. किसी भी विवाद के लिए अधिकार क्षेत्र दिल्ली में होगा।
43. अंग्रेजी और हिंदी रूपांतर में किसी विसंगति की स्थिति में अंग्रेजी रूपांतर मान्य होगा।